مولانا آزاد نیشنل اُردو یونیورسٹی

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी

MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY

(Accredited Grade “A+” by NAAC)

COLLEGE OF TEACHER EDUCATION, BHOPAL

کالج آف ٹیچر ایجوکیشن، بھوپال

REPORT

OF

QUIZ ON
ENERGY CONSERVATION AND WATER RESOURCES

ऊर्जा संरक्षण और जल संसाधन

30 May 2023

भोपाल, 30 मई 2023 को मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय - "ऊर्जा संरक्षण और जल संसाधन" से संबंधित था। जिसमे उपरोक्त शीर्षक से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे।
इस प्रतियोगिता में बी० एड०द्वितीय वर्ष व चतुर्थ सेमेस्टर तथा एम० एड० द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की कक्षाओं के शिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ० शबाना अशरफ़ (सहायक आचार्य) द्वारा इसके दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई।
सर्वप्रथम प्रतियोगिता के लिए चार टीमें गठित की गई जिनके ग्रुप के नाम इस प्रकार रखे गए।
प्रथम ग्रुप (A) - समुंद्र द्वितीय ग्रुप (B) - झील
तृतीय ग्रुप (C) - तालाब चतुर्थ ग्रुप (D) - नदी

प्रत्येक ग्रुप के लिए सभी छात्रों में से चार छात्रों का चयन रैंडम सैंपलिंग विधि से किया गया। इस तरह **प्रथम ग्रुप (A)** समुंद्र के लिए (1) एम डी शमशेर (2) फरहीन बेगम (3) तनवीर (4) एम डी जुबैर। **द्वितीय ग्रुप (B)** झील के लिए (1) मोहम्मद इमरान (2) एम डी शाहनवाज (3) तनवीर अहमद (4) अब्दुल रहमान। **तृतीय ग्रुप (C)** तालाब के लिए (1) एम डी अल्तमश (2) एम डी रेहान फ़ज़ल (3) एम डी मशक्यूज (4) एम डी हसन आरिश। **चतुर्थ ग्रुप (D)** नदी के लिए (1) एम डी इमरान (2) आमिर इकबाल (3) एम डी अकिजन (4) एम डी वकील।
प्रतियोगिता के दौरान अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय के संकाय सदस्य मौजूद थे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ० तलमीज फातिमा नकवी, डॉ० आफाक नदीम खान, डॉ० तबरेज आलम तथा डॉ० अखलेश कुमार मीना आदि थे।
प्रतियोगिता के प्रथम दौर में प्रत्येक ग्रुप से आरोही क्रम में चार प्रश्न क्रम से पूछे गए। जिनके उत्तर ग्रुप के सभी छात्र आपसी विचार विमर्श करके दे रहे थे। जिनका समय भी निर्णायक समिति ने पैतालीस सेकेंड निर्धारित किया। यदि कोई ग्रुप प्रश्न का उत्तर निश्चित समय में नहीं दे पाता है तो उसी प्रश्न को अगले ग्रुप से पूछा जाता। जो भी ग्रुप प्रश्न का उत्तर सही देता तो उसे एक अंक दिया जाता था।
प्रथम दौर में (A) समुंद्र ग्रुप के छात्रों ने चार प्रश्नों में से दो प्रश्नों के सही उत्तर दिए, अतः उन्हें दो अंक मिले।
(B) झील ग्रुप के छात्रों ने चार प्रश्नों में से तीन के सही उत्तर दिए, अतः उन्हें तीन अंक मिले।

(C) तालाब ग्रुप के विद्यार्थियों ने सभी चार प्रश्नों के सही उत्तर दिए, अतः उन्हें चार अंक मिले।
(D) नदी ग्रुप से चार प्रश्नों में से तीन प्रश्नों के जवाब सही दिए, अतः उन्हें तीन अंक मिले।
परिणाम - प्रथम दौर में ग्रुप (C) तालाब के छात्रों ने चार अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि ग्रुप (B) झील और ग्रुप (D) नदी, दोनो ने बराबर अंक प्राप्त किए, इसलिए दोनो ही ग्रुपों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रुप (A) समुंद्र के छात्रों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
दूसरे दौर के लिए ग्रुप (B) झील और ग्रुप (D) नदी के विद्यार्थियों में से किसी एक चयन करने हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। दोनो ही ग्रुप से आरोही क्रम में कई प्रश्न पूछे गए। अतः ग्रुप (B) झील ने सभी प्रश्नों के सही उत्तर दिए जबकि ग्रुप (D) नदी के विद्यार्थी सही उत्तर नहीं दे पाए। अंतिम चरण के लिए दूसरे दौर में ग्रुप (B) झील का चयन हो गया।
तीसरा दौर - अंतिम परिणाम के लिए ग्रुप (B) झील और ग्रुप (C) तालाब के विद्यार्थियों में तीसरे दौर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। दोनो ही ग्रुप के प्रतिभागियों की तैयारी बहुत ही अच्छी थी। प्रत्येक ग्रुप से क्रमश: काफी गहरे और जटिल सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में ग्रुप (B) झील के छात्रों ने चार प्रश्नों में से एक प्रश्न का सही उत्तर दिया। अतः उन्हें एक अंक दिया गया। ग्रुप (C) तालाब के छात्रों ने चार प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर सही देने पर दो अंक प्राप्त करके प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ग्रुप (B) झील के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे दौर की प्रतियोगिता में बने रहने वाले ग्रुप (D) नदी के छात्रों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।
अंत में मानू शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल के प्राचार्य द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामना संदेश प्रदान किया।
प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रभारी डॉ० शबाना अशरफ़ मैडम ने सभी विद्यार्थियों से ऊर्जा संरक्षण और जल संसाधनों के बचाव का आह्वान किया और सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

संयोजक	सह संयोजक	प्रतिवेदन लेखक	प्रतिवेदन रचयिता	प्राचार्य
डॉ टी.एफ.नकवी	डॉ शबाना अशरफ	डॉ० अखलेश क मीना	डॉ तरन्नुम खान	प्रोफेसर नौशाद हुसैन